<u>नीलामी समिति, जनपद न्यायालय, झाँसी की आख्या</u>

वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए जनपद न्यायालय झाँसी परिसर स्थित **फोटोस्टेट दुकान की नीलामी दिनांक 05.05.2022 को** नजारत अनुभाग, जनपद न्यायालय, झाँसी में खुली बोली के माध्यम से तीसरी बार पुनः करवाई गयी, जिसमे नीलामी समिति के सदस्य नितेंद्र कुमार, सदस्य- नीलामी समिति/ अपर जनपद न्यायाधीश न्यायालय संख्या-9, झांसी एवं सुशील कुमार-चतुर्थ, सदस्य- नीलामी समिति/ अपर जनपद न्यायाधीश न्यायालय संख्या-8, झांसी उपस्थित रहे। श्री विकास नागर, अध्यक्ष- क्रय समिति/ अपर जनपद न्यायाधीश, न्यायालय संख्या-3, झांसी आकस्मिक अवकाश पर होने के कारण उपस्थित नहीं रहे।

तत्सम्बंध में अवगत कराना है कि पूर्व में वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए जनपद न्यायालय झाँसी परिसर स्थित सरकारी दुकानों (कैंटीन, स्टेशनरी/जनरल स्टोर तथा फोटोस्टेट शॉप) के ठेकों की नीलामी करवाये जाने हेतु नीलामी समिति, जनपद न्यायालय, झाँसी की आख्या दिनांकित 08.03.2022 पर पारित माननीय महोदया के आदेश दिनांकित 10.03.2022 के अनुपालन में दिनांक 22.03.2022 को नजारत अनुभाग, जनपद न्यायालय, झाँसी में खुली बोली के माध्यम से करवाई गयी, जिसमे न्यायालय परिसर स्थित 02 दुकानों (1) कैंटीन एवं (2) स्टेशनरी/जनरल स्टोर की नीलामी हो चुकी है, परन्तु उक्त समय न्यायालय परिसर स्थित फोटोस्टेट दुकान की नीलामी हेतु किसी भी बोलीकर्ता द्वारा प्रतिभाग न लेने के कारण फोटोस्टेट दुकान की नीलामी नहीं हो पाई थी। तत्पश्चात उक्त सम्बन्ध में नीलामी समिति, जनपद न्यायालय, झाँसी की आख्याओ पर पारित माननीय महोदया के आदेशों के अनुपालन में **दिनांक 19.04.2022 एवं तदोपरांत दिनांक 05.05.2022 को जनपद न्यायालय झाँसी परिसर स्थित उक्त फोटोस्टेट दुकान की दूसरी एवं तीसरी बार पुनः नीलामी करवाई गयी, परन्तु उक्त तिथियों को भी किसी भी बोलीकर्ता द्वारा प्रतिभाग न लेने के कारण फोटोस्टेट दुकान की नीलामी नहीं हो पाई है।**

इसी अनुक्रम में नीलामी समिति द्वारा दिनांक 17.05.2022 दिन मंगलवार को अपरान्ह 12.00 बजे जनपद न्यायालय झाँसी परिसर स्थित उक्त फोटोस्टेट दुकान की चौथी बार पुनः नीलामी करवाए जाने हेतु तिथि प्रस्तावित है, जिसकी सूचना विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित कराया जाना, कलेक्ट्रेट व कार्यालय सूचना अधिकारी, झाँसी तथा अन्य सार्वजनिक स्थानों पर चस्पा कराया जाना भी प्रस्तावित है। इसके साथ ही उक्त नीलामी की सूचना माननीय उच्च न्यायालय एवं जनपद न्यायालय, झाँसी की आधिकारिक वेबसाईट पर भी अपलोड किया जाना प्रस्तावित है।

आख्या माननीय महोदया के समक्ष उचित आदेश हेतु सादर प्रस्तुत है।

District Judge
JHANSI

(सुशील कुमार- चतुर्थ)	**(नितेंद्र कुमार)**	**(विकास नागर)**
सदस्य- नीलामी समिति/	सदस्य - नीलामी समिति/	अध्यक्ष- नीलामी समिति/
प्रभारी अधिकारी, नजारत,	नोडल अधिकारी, कंप्यूटर,	प्रभारी अधिकारी, पुस्तकालय,
अपर जनपद न्यायाधीश न्या. सं.-8,	अपर जनपद न्यायाधीश न्या. सं.-9,	अपर जनपद न्यायाधीश न्या. सं.-3,
झांसी।	झांसी।	झांसी।